This question paper contains 8 printed pages.]

आपका अनुक्रमांक ....................

# 500

## B.A. (Programme)/II/III B

## HINDI LANGUAGE (C) – Paper II

## हिन्दी भाषा (ग) – प्रश्न-पत्र II

**(प्रवेश-वर्ष 2004 / 2006 और तत्पश्चात् नियमित कॉलेजों के विद्यार्थियों के लिए / NCWEB के विद्यार्थियों के लिए)**

**समय : 3 घण्टे** **पूर्णांक : 75**

(इस प्रश्न-पत्र के मिलते ही ऊपर दिए गए निर्धारित स्थान पर अपना अनुक्रमांक लिखिए।)

**टिप्पणी :** प्रश्न-पत्र पर अंकित पूर्णांक नियमित कॉलेजों (श्रेणी 'A') के विद्यार्थियों के लिए अनुप्रयोज्य हैं । तथापि ये अंक, NCWEB के विद्यार्थियों के संबंध में उनके परिणाम के संकलन के लिए नियुक्त अधिनिर्णय के समय पर, उनके आनुपातिक रूप में अधिक होंगे ।

1. निम्नलिखित अनुच्छेद आपके पाठ्यक्रम में निर्धारित पाठों से लिए गए हैं । किन्हीं **दो** अनुच्छेदों के नीचे दिये गये प्रश्नों के उत्तर दीजिए : **8, 8**

(क) यूँ तो बाहर समुंद्र है, नदी है, झरना है,

पर पानी के लिए भटकना है,

यहाँ कटोरी में भरा जल गटकना है
बाहर दाने का टोटा है
यहाँ चुग्गा मोटा है ।
बाहर बहेलिए का डर है
यहाँ निर्द्वंद्व कंठ-स्वर है
फिर भी चिड़िया
मुक्ति का गाना गाएगी
मारे जाने की आशंका से भरे होने पर भी
पिंजड़े से जितना अंग निकल सकेगा निकालेगी,
हरसूँ ज़ोर लगाएगी
और पिंजड़ा टूट जाने या खुल जाने पर उड़ जाएगी ।

(i) उपर्युक्त काव्य पंक्तियों के रचयिता एवं रचना का नाम लिखिए ।

(ii) पिंजड़े से बाहर चिड़िया को कौन-कौन सी सुविधाएँ उपलब्ध हैं ?

(iii) पिंजड़े से बाहर निकलने पर चिड़िया को किन-किन समस्याओं का सामना करना पड़ेगा ?

(iv) चिड़िया मुक्ति का गाना गाकर क्या संदेश देती है ?

(ख) "आज शहर में आठ इंग्लिश मीडियम पब्लिक स्कूल हैं । सब खचाखच भरे रहते हैं । सौ रुपया महीने से कम कहीं फीस नहीं लगती । सौ बच्चे भी आ गए तो फीस ही फीस के दस हज़ार महीना हो गए । टीचरें रख लो आठ-दस । उनको थोड़ा बहुत दिया जाता है । ......... मकान-वकान का किराया निकालकर सात-आठ हज़ार रुपया भी मुनाफा रख लो तो इतनी आमदनी और किस धंधे में होगी ? और फिर दो टीचर तो हम घर ही के लोग हैं ।"

"घर के, कौन-कौन ?"

"अरे, मैं और सईद ।"

उनको चूँकि अपना बड़ा मानता हूँ और चूँकि वे मेरा हमेशा खयाल करते हैं, इसलिए दिल खोलकर हँसने की ख़्वाहिश दिल ही में रह गई । वकील साहब को अगर छोड़ भी दें तो उनके सुपुत्र सईद मियाँ बच्चों को अंग्रेज़ी पढ़ाते हुए मुझे कल्पना में ऐसे लगे, जैसे भैंस उड़ रही हो ।

(i) उपर्युक्त गद्यांश किस पाठ से लिया गया है ? इसके लेखक का नाम भी लिखिए ।

(ii) अनुच्छेद का पहला कथन कहानी के किस पात्र का है ?

(iii) वाचक को दिल खोलकर हँसने की ख़्वाहिश क्यों हुई ?

(iv) सईद मियाँ के अंग्रेज़ी पढ़ाने की तुलना भैंसों के उड़ने से क्यों की गई है ?

(ग) बिसुनपुर उस दिन कुरुक्षेत्र बना हुआ था । बीच में वह आम का पेड़ निश्चल निर्द्वन्द्व खड़ा है । दो ओर दोनों प्रतिद्वन्द्वियों की जमात जुड़ी है । भालों की फलियाँ धूप में चमचम कर रही हैं, गँडासे दिन मे भी चाँद-से चमक रहे हैं; फरसे परशुराम की याद दिलाते हैं; लाठियाँ उछल रही हैं – धामिन साँप की तरह । हाँ, तलवार की बहुत ही कमी थी, क्योंकि उस पर अँगरेजी राज की शनिदृष्टि पड़ चुकी थी । पर, लठैतों का कहना था, जो मार भाले और फरसे की होती है, वह तलवार की कहाँ ? मैं उनके तर्कों पर नहीं भूला था, मेरी विस्मय-विमुग्ध आँखें तो इन तैयारियों को देख रही थीं । आमने-सामने उन लोगों के दल थे; दर्शकों की भीड़ अगल-बगल में थी । रह-रहकर जय-ध्वनियाँ होतीं, ललकारें उठतीं । जब-तब आल्हा के कुछ कड़खे भी सुनाई पड़ते ।

(i) प्रस्तुत अनुच्छेद के पाठ एवं लेखक का नाम लिखिए ।

(ii) बिसुनपुर में होने वाले झगड़े का कारण क्या था ?

(iii) लड़ाई के लिए होने वाली तैयारियों का वर्णन अपने शब्दों में कीजिए ।

(iv) 'विस्मय' तथा 'प्रतिद्वन्द्वी' शब्दों का अर्थ लिखिए ।

2. किन्हीं **तीन** प्रश्नों के उत्तर दीजिए : **9**

(i) " 'राह निकलेगी' शीर्षक कविता आम जनता की एकजुटता को ही उसकी समस्याओं का समाधान मानती है ।" इस कथन पर अपने विचार लिखिए ।

(ii) 'घंटी' कहानी का सामाजिक सन्दर्भ स्पष्ट कीजिए ।

(iii) हमारे मिथक और उपाख्यान, टी.वी धारावाहिक और फ़िल्में स्त्री के दमन को कैसे बढ़ावा देते हैं ?
(स्त्रीषु हिंसा-हिंसा न भवति)

(iv) "प्राचीन भारतीय संस्कृति में उत्तर और दक्षिण के, तथा पूर्व और पश्चिम के सांस्कृतिक उपादान समेकित हो गए हैं ।" स्पष्ट कीजिए ।
(प्राचीन भारतीय इतिहास का महत्त्व)

(v) धर्म के नाम पर होने वाले झगड़ों के लिए कौन ज़िम्मेदार होता है और क्यों ?

(धर्म की आड़)

3. किन्हीं **तीन** पर टिप्पणी लिखिए : **12**

(क) अवधी का परिचय ।

(ख) हिन्दी वर्तनी का मानकीकरण ।

(ग) हिन्दी की संवैधानिक स्थिति ।

(घ) राष्ट्रभाषा के रूप में हिन्दी ।

4. निम्नलिखित अपठित अनुच्छेद के आधार पर उसके नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

मानव को मानव के रूप में सम्मानित करके हम जातीयता, प्रांतीयता, क्षुद्र राष्ट्रीयता और अंतर्राष्ट्रीयता के भेद को तोड़ सकते हैं । आज मानव मानव से दूर हटता जा रहा है । वह भूल चूका है कि देश, धर्म और जाति के भिन्न होते हुए भी हम सर्वप्रथम मानव हैं और समान हैं तथा सभी की भावनाएँ और लक्ष्य एक ही हैं । आज धर्म, देश, सत्ता, धन आदि का भेद होने से एक मानव दूसरे मानव को मानव ही नहीं मानता है । कभी-कभी स्वधर्मी विधर्मी को, स्वदेशी विदेशी को, अफ़सर चपरासी को, धनिक निर्धन को तथा विद्वना निरक्षर को इनसान ही नहीं समझता । और वह भूल जाता है कि दूसरे को भी समान रूप से इच्छा, भूख, प्यास सताते हैं तथा उसे भी प्रेम और आदर चाहिए ।

(i) इस गद्यांश का उपयुक्त शीर्षक दीजिए । 1

(ii) मानव को मानव के रूप में सम्मानित करना क्यों आवश्यक है ? 2

(iii) मानव-मानव के बीच भेद-भाव के प्रमुख कारण क्या हैं ? 2

5. शहर में बाइक सवारों के आतंक से अवगत कराते हुए ट्रैफिक पुलिस आयुक्त को पत्र लिखिए । **5**

**अथवा**

टी.वी. से प्रसारित होने वाले किसी धारावाहिक में स्त्री की नकारात्मक छवि की ओर ध्यान आकर्षित करते हुए चैनल विशेष के कार्यक्रम संचालक को पत्र लिखिए ।

6. (क) किन्हीं **चार** मुहावरों / लोकोक्तियों का अर्थ स्पष्ट करते हुए वाक्य में प्रयोग कीजिए । **4**

(i) रंग में भंग पड़ना

(ii) मुँह तोड़ जवाब देना

(iii) राई का पहाड़ बनाना

(iv) ऊँची दुकान फीका पंकवान

(v) तन सुखी तो मन सुखी

(ख) किन्हीं **चार** वाक्यों को शुद्ध कीजिए : **4**

(i) हमें हमारे माता-पिता का आदर करना चाहिए ।

(ii) बिना चुनौती के हम साहस का सामना कैसे कर सकता हूँ ।

(iii) वे मुझको पूछने लगा कि लड़की का नाम क्या है ?

(iv) कृपया करके मुझे एक दिन का अवकाश प्रदान करें ।

(v) वह दंड देने के योग्य है ।

7. (क) किसी **एक** विषय पर लेख लिखिए : **8**

(i) मज़हब नहीं सिखाता आपस में बैर रखना ।

(ii) विज्ञापन के लाभ और हानि ।

(iii) भारत की साझा संस्कृति ।

(ख) अपने कॉलेज में आयोजित 'रक्त दान शिविर' **अथवा** 'हिन्दी दिवस' पर एक प्रतिवेदन लिखिए । **4**

8. (क) किसी **एक** एकभाषी **अथवा** द्विभाषी कोश का परिचय दीजिए । **4**

(ख) हिन्दी शब्दकोश में प्रविष्टि के अनुसार निम्नलिखित शब्दों को वर्ण क्रमानुसार लिखिए : **4**

इच्छा, पुष्प, संघात, वसुंधरा, श्यामा, मंदाकिनी, मधुप, क्रोध ।

---